6034 E
31/8/2026

निर्मिशाखा
31/8/2026

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 31/8/2026 को सम्पन्न परिवाद समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, बाँका अन्तर्गत Long Term Output and Performance Based Road Assets Maintenance Works Under OPRMC-III Package No.-28B/Banka कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद पर विभागीय पत्रांक–2217(E) दिनांक–01.04.2026, पत्रांक–2360(E) दिनांक–09.04.2026 एवं विभागीय ज्ञापांक–5625(E) दिनांक–17.08.2026 द्वारा गठित समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री अभिषेक पलासिया, संयुक्त सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री राजेश कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री सुनील कुमार सुमन, मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–13.08.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही, जो उपभागीय ज्ञापांक–1354 दिनांक–13.08.2026 द्वारा संसूचित है, में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1417(अनु०) दिनांक–25.08.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–25.08.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम एवं पैकेज संख्या | : | Long Term Output and Performance Based Road Assets Maintenance Works Under OPRMC-III Package No.-28B/Banka |
| 2.2 | योजना मद | : | 3054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, बाँका |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹16651.64 लाख।<br>विभागीय पत्रांक–3247 (एस) दिनांक–12.05.2026 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹19970.55 लाख,<br>मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–902 (अनु०), दिनांक–24.05.2026 |
| 2.6 | ECV/परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹17755.20755 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 84 (Eighty-four) Months. |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (MBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 03.07.2026 |
| 2.10 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | पुनर्निविदा नहीं है। |

3. विषयांकित निविदा में निम्नलिखित 17 (सतरह) संवेदकों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) M/S HES Infra Private Limited
(2) S.D.-D.K.S (J.V.)
(3) M/S Niranjan Sharma
(4) BBCPL-SKPL (JV)
(5) M/S Sri Ram Enterprises
(6) M/S Hari Construction And Associates Private Limited
(7) M/S Topline Infra projects Pvt. Ltd
(8) M/S Kamac Engineers Pvt. Ltd
(9) NKS-ACNPL (JV)
(10) K K Builders Pvt Ltd
(11) M/S JKA Associates Pvt. Ltd
(12) A M Infratech & Raj construction (JV)
(13) M/s Shivalaya Construction Ltd
(14) M G Contractors Pvt Ltd
(15) Allone Infra Private Limited
(16) Avednex Pvt. Ltd
(17) M/S BVSR Constructions Pvt Ltd

4. उपभागीय ज्ञापांक–1354 दिनांक–13.08.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–13.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में उक्त निविदा में कुल 17 (सतरह) निविदाकारों में से 04 (चार) निविदाकार यथा (1) S.D.-D.K.S (J.V.) (2) BBCPL-SKPL (JV) (3) M/S Kamac Engineers Pvt Ltd एवं (4) M G Contractors Pvt Ltd को तकनीकी बीड में सफल घोषित किये गये। 13 (तेरह) निविदाकार यथा (1) Shivalaya Construction Ltd को MBD के Section 1 Clause-17, Section 4E-9, Section 3 Clause 1.2.3 एवं Form FIN-4 (c) (2) M/S Topline Infra-Projects Private Limited को MBD के Section 3, Clause 1.2.3 एवं Section 4E-9 (3) M/S Hari Construction And Associates Private Limited को MBD के Section-3, Clause 1.2.3 (4) K K Builders Pvt Ltd को MBD के Section-3, Clause 1.2.3 (5) A M Infratech & Raj construction (JV) को MBD के Section-3, Clause 1.2.3 (6) Allone Infra Private Limited को MBD के Section-3, Clause 1.2.3 एवं Clause 1.2.1(a) (7) M/S JKA Associates Pvt. Ltd को MBD के Section-3, Clause 1.2.3 (8) M/S BVSR Constructions Pvt Ltd MBD के Section 1 Clause-17, Section 4E-9, Section 4E-13, Clause2.4.2 (b) एवं Section 3, Clause 2.6 (9) M/S Sri Ram Enterprises को MBD के Section-3, Clause 2.3.3 (10) NKS-ACNPL (JV) को MBD के Section 4E-13, Clause2.4.2 (b) (11) M/S Niranjan Sharma को MBD के Section 4E-13, Clause2.4.2 (b) एवं (12) M/S HES Infra Private Limited को MBD के Section 3, Clause 2.6 के तहत निविदा में वांछित न्यूनतम अहर्ता पूर्ण नहीं करने के कारण तकनीकी बीड मे असफल घोषित किया गया तथा 01 (एक) निविदाकार Avednex Private Limited द्वारा e-proc 2.0 में MBD के तहत वांछित कागजातों के विरूद्ध केवल GST रजिस्ट्रेशन निविदा के साथ Upload किया गया तथा EMD के भी कागजात निविदा में नहीं Upload किया गया है फलस्वरूप इनके निविदा को अमान्य किया गया।

साथ ही विभागीय निदेश के अनुसार दो कार्य दिवस में इस निविदा में शामिल किसी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त होने पर सक्षम स्तर से परिवाद निष्पादन के उपरांत ही वित्तीय बीड खोलने हेतु निदेश दिया गया।

उक्त के आलोक में निविदाकारों यथा (i) M/S Topline Infra-Projects Private Limited से दिनांक 17.08.2026 (ii) K K Builders Pvt Ltd से दिनांक–14.08.2026 (iii) M/S JKA Associates Private Limited से दिनांक–14.08.2026 (iv) M/S Sri Ram Enterprises से दिनांक–17.08.2026 (v) A M

Infratech & Raj construction (JV) से दिनांक–14.08.2026 (vi) Shivalaya Construction Ltd से दिनांक 18.08.2026 एवं (vii) Allone Infra Private Limited से दिनांक 17.08.2026 को e-mail से दिनांक 18.08. 2026 को e-mail के माध्यम से उपभागीय कार्यालय में परिवाद समर्पित किया गया है।

5. उपभागीय ज्ञापांक–1354 दिनांक–13.08.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–13.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की निर्णय के विरूद्ध विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा (i) M/S Topline Infra-Projects Private Limited का पत्रांक–TIPPL/649/26 दिनांक–15.08.2026 (ii) K K Builders Pvt Ltd का पत्रांक–215/KKB/2026-27 दिनांक–14.08.2026 (iii) M/S JKA Associates Private Limited के पत्रांक–Representation/03 दिनांक–14.08.2026 (iv) M/S Sri Ram Enterprises के पत्रांक–SRE/2026-27/84 दिनांक–17.08.2026 (v) A M Infratech & Raj construction (JV) के पत्रांक–AMI-RAJ –(J.V)/HO/07 दिनांक–14.08.2026 (vi) Shivalaya Construction Ltd के पत्रांक–SCL/BIDS/RCD/Bihar/2026/02 दिनांक 17.08.2026 एवं (vii) Allone Infra Private Limited के पत्रांक–शून्य दिनांक 17.08.2026 द्वारा कार्यालय में परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1417(अनु०) दिनांक–25.08.2026 द्वारा परिवाद पर दिनांक–25.08.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई है।

6. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के उक्त निर्णय के विरूद्ध तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा (i) M/S Topline Infra-Projects Private Limited का पत्रांक–TIPPL/649/26 दिनांक–15.08.2026 (ii) K K Builders Pvt Ltd का पत्रांक–215/KKB/2026-27 दिनांक–14.08.2026 (iii) M/S JKA Associates Private Limited के पत्रांक–Representation/03 दिनांक–14.08.2026 (iv) M/S Sri Ram Enterprises के पत्रांक–SRE/2026-27/84 दिनांक–17.08.2026 (v) A M Infratech & Raj construction (JV) के पत्रांक–AMI-RAJ –(J.V)/HO/07 दिनांक–14.08.2026 (vi) Shivalaya Construction Ltd के पत्रांक–SCL/BIDS/RCD/Bihar/2026/02 दिनांक 17.08.2026 एवं (vii) Allone Infra Private Limited के पत्रांक–शून्य दिनांक 17.08.2026 द्वारा परिवाद समर्पित किया गया जो निम्नवत् है :–

**परिवाद/आपत्ति की समीक्षा** :–

| | परिवाद/आपत्ति | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय/अनुशंसा | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|
| 1 | **M/S Topline Infra-Projects Private Limited**<br><br>दिनांक 14.08.2026 को विभागीय बेवसाईट के माध्यम से हमें जानकारी मिली कि वर्णित कार्य से संबंधित हमारी तकनीकी निविदा को MBD के Section 3, Clause 1.2.3 एवं Clause 1.2.1 (a) के आलोक में असफल घोषित कर दिया गया जिसका आधार यह बनाया गया कि हमारे द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार में कराये जा रहे कार्यों को Existing Commitment के अंतर्गत नही दर्शाया गया है जाँचोपरांत पाया गया कि इनके द्वारा RWD अंतर्गत कराये जा रहे आठ (08) कार्यों को | निविदाकार द्वारा विषयगत निविदा में अपलोड किये गये Existing Commitment विवरणी के क्रम सं०–19 में अंकित पैकेज सं०–BR18P3FDR13 दर्शाया गया है, जबकि समिति के संज्ञान में ग्रामीण कार्य विभाग के अंतर्गत अन्य सात कार्य (BR18P3R28, 35, 40, 41, 47, 54 एवं 56) था, जिसे समिति द्वारा निविदाकार के दर्शाये गये कार्यों | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | Existing Commitment में नहीं दशाया गया है। इस प्रकार निविदा में निविदाकार द्वारा Existing Commitment के संबंध में Misleading/False Representation के कारण Commitment की पूर्ण जानकारी नही हो पाती है। वर्णित संदर्भ में हमें कहना है कि कृपया हमारे निविदा कागजातों का बारीकी से अवलोकन करने की कृपा की जाय जिससे आपको स्पष्ट हो जायेगा कि हमनें अपनी निविदा में FORM FIN-4 के सीरियल नं0-11, 12, 15, 16 & 19 में कुल पाँच एकरारनामा से संबंधित कार्यों जो कि ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित है को दर्शाया है जो निम्नलिखित है:-<br><br>1. MRL 14-NH 131A Murwartal to Kakhanpur Via Jhula and Oxa haji Tola Construction of RCC HL Bridge at CH-10+300 In Muzwar Tal to Lakhanpur Via Jhula and Oxa haji Tola<br><br>2. Construction of Bridge From-MRL-17/MIRBHITTA To Dhobinia (Masandangi RCC Bridge At, CH 5.200 KM (Package No. BR18P3R105) Under PMGSY-III (Tender Id. 131246)<br>3. MRL 12- Govindpur Chowk to Govindpur Construction of RCC HL Bridge in Govindpur Chowk to Govindpur at CH-0.610<br>4. T-01 NH-131 HAFLA To Pranpur NH-81<br>5. PKG No. BR18P3FDR13<br><br>इस संदर्भ में हमें पुनः कहना है कि निविदा डालने की तिथि से लेकर आज तक हमारी कंपनी के पास ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित वर्णित पाँच एकरारनामा से संबंधित कार्य ही On-going है जिसकी सूचना हमारे द्वारा वर्णित Format में निविदा में दी जा चुकी है साथ ही साथ वर्णित सभी कार्य से संबंधित सत्यापन की प्रतियाँ भी वर्णित निविदा में संलग्न किया गया या लेकिन किस आधार पर आपकी निविदा समिति ने आठ कार्यों की बात कही है हमारे समझ से परे है साथ ही साथ हमें यह भी कहना है कि निविदा निर्णय में आठों कार्यों के नाम की भी चर्चा नही कि गयी है जो पूरी तरह से Vague हैं अर्थात कहने की आवश्यकता नही रह गयी है कि हमारी तकनीकी निविदा को हमारे निविदा कागजातो के बारीकी से अवलोकन किये बिना ही तथ्यहीनआधार पर असफल घोषित कर दिया गया जो किसी भी तरह से स्वीकार योग्य नहीं है क्योंकि जब हमारे कंपनी के पास मात्र पाँच एकरारनामा से संबंधित कार्य ही Ongoing है तब किस आधार पर आठ कार्यों की चर्चा निविदा निर्णय में की गयी। अर्थात कहने की आवश्यकता नहीं रह गयी कि हमारी तकनीकी निविदा MBD के Section-3, Clause 1.2.3 एवं Clause 1.2.1 (a) के आधार पर असफल घोषित करने योग्य नही है क्योंकि हमारे द्वारा कोई misleading or | के अतिरिक्त माना गया। निविदाकार से प्राप्त आपत्ति के फलस्वरुप उपभागीय पत्रांक—1381 अनु०, दिनांक—18.08.2026 के द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग से इस संबंध में स्थिति स्पष्ट करने का अनुरोध किया गया। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल किशनगंज—2 के पत्रांक—1905 अनु०, दिनांक—19.08.2026 एवं पत्रांक—1934 अनु०, दिनांक—20.08.2026 द्वारा वर्त्तमान में निविदाकार के विरुद्ध लंबित कार्यों की जो Detail सूची उपलब्ध करायी गयी है उससे स्पष्ट हो रहा है कि निविदाकार द्वारा निविदा में अपलोड की गई विवरणी के क्रम संख्या—19 पर वर्णित पैकेज सं०—BR18P3FDR13 वस्तुतः एकरारनामा संख्या है, जिसके अंतर्गत उपरोक्त वर्णित विभिन्न पैकेज संख्या के कुल सात कार्य समाहित हैं।<br><br>अतः निविदाकार की आपत्ति को मान्य किया जा सकता है। | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | false representations in the form, Statements and attachment नही किया गया है साथ ही साथ हमारे पास कार्य के संदर्भ में पर्याप्त बीड कैपेसिटी है। | | |
| | साथ ही साथ Bank Certificate में भी पैकेज 28 B/Banka ही अंकित है अर्थात यह कहने की आवश्यकता भी नही रह गयी कि हमारी तकनीकी निविदा MBD के Section-3, Clause 1.2.3 एवं Section 4E.9, के आधार पर असफल घोषित करने योग्य नही है क्योंकि हमारे द्वारा कोई misleading or false representations in the form, Statements and attachment नही किया गया है साथ ही साथ हमारे पास कार्य के संदर्भ में पर्याप्त बीड कैपेसिटी है। | परिवाद का यह बिन्दु मान्य किया जा सकता है। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |
| 2 | **<u>K K Builders Pvt Ltd</u>**<br><br>उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में कहना है कि विषयांकित कार्य के निविदा में हमारे (के. के. बिल्डर्स प्रा. लिमिटेड) द्वारा समर्पित Bid Capacity अभिलेख के क्रम में शपथ पत्र सलग्न किया गया है जिसे Equipment वाले folder में सलग्न कर upload किया गया है जिसे देखा जा सकता है । शपथ पत्र के द्वारा Existing Commitment और Bid Capacity वैल्यू दर्शाया गया है ।<br><br>अतः आप श्रीमान से अनुरोध है कि समर्पित शपथ पत्र को मान्य करते हुए हमारे निविदा पर अग्रतर कारवाई की जाय ताकि निविदा का निष्पादन स्वच्छ और पारदर्शी तरीके से हो सके । | विषयगत निविदा में निविदाकार के. के. बिल्डर्स प्रा. लिमिटेड द्वारा Commitments से संबंधित अपलोडेड विवरणी के संदर्भ में शपथ पत्र के द्वारा Existing Commitment को दर्शाया गया है। MBD के Section 3 Clause 1.2.3 में Existing Commitment के संबंध में स्पष्ट किया गया है कि The Bidder is to complete form of Current Contract Commitments as part of their Bid for the determination of this value and Current Contract Commitments must be duly certified by the Engineer-in-Charge.<br><br>अतः निविदाकार की आपत्ति को अमान्य किया जा सकता है। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |
| 3 | **<u>M/S JKA Associates Private Limited</u>**<br><br>M/s JKA Associates Pvt. Ltd. hereby places on record its strong objection against the decision to declare the firm technically unsuccessful in the above-mentioned tender. The technical disqualification of M/s JKA Associates Pvt. Ltd. is highly unjustified, factually erroneous and disproportionate, particularly when the documents submitted by the firm were duly supported by CA certification as well as relevant departmental records and certificates. As per Technical Evaluation Proceedings dated 13.08.2026, M/s JKA Associates Pvt. Ltd. has been declared unsuccessful on the | MBD के Section 3 Clause 1.2.3 एवं NIT की कंडिका 39 के आलोक में Existing Commitment से संबंधित FIN-4 में वर्णित कार्य Duly Certified by Engineer-in-Charge ही मान्य है। अन्य किसी Authority द्वारा निर्गत अभिलेख मान्य किये जाने का प्रावधान नहीं है, जबकि निविदाकार द्वारा Existing Commitment से संबंधित CA Certified अभिलेख अपलोड किया गया है।<br><br>अतः निविदाकार की आपत्ति को अमान्य किया जा सकता है। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | ground that, in respect of certain Existing Commitment works, the Agreement Value was allegedly not reflected in the records prepared by the concerned Engineer-in-Charge, due to which Existing Commitment and Bid Capacity could not be calculated. This conclusion, however, does not take into proper consideration the complete set of documents submitted by the bidder. FIN-4 / Ongoing Works were duly supported and certified M/s JKA Associates Pvt. Ltd. had submitted its FIN-4 / Existing Commitment / Ongoing Works statement duly certified by its Chartered Accountant. The relevant financial/payment particulars were also duly certified by the CA. In addition, the supporting documents relating to the concerned ongoing works were furnished along with the bid and were supported by documents/certificates authenticated or countersigned by the concerned Executive Engineers/competent departmental authorities. Also, the information was supported by CA certification as well as departmental documentary evidence. If the Department still had any doubt regarding the Agreement Value, payments, executed work, balance commitment or any other particulars, the same could very easily have been verified from the concerned Engineer-in-Charge/Executive Engineer and the original departmental records. | | |
| 4 | **<u>M/S Sri Ram Enterprises</u>**<br><br>With due respect, we would like to bring into your kind attention that the above referred tender was published through NIT No.- 02/BANKA/2026-27, dated- 11-05-2026 and floated through the official e-procurement portal eproc2.bihar.gov.in. Hence, we have participated in the said bid. With reference to the subject cited above, we would like to state that our bid has been declared technically nonresponsive on the | निविदाकार M/S Sri Ram Enterprises द्वारा निविदा के साथ अपलोड की गई वांछित Bank Certificate में Figure में Rs 18.00 cr. जबकि शब्दो में "Eleven Crore only" अंकित है। ऐसी स्थिति में MBD के Section 1 Clause 26.1 (c) के अनुसार शब्दों में लिखे राशि को मान्यता दिये जाने का प्रावधान है। इस प्रकार निविदाकार द्वारा अपलोडेड Bank Certificate MBD के Section 3 Clause 2.3.3 में वांछित राशि 18.00 | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | ground of discrepancy in the Bank Certificate submitted along with our tender. As per the provisions of the Standard Bidding Document, it was required to be submitted a Bank Certificate for an amount equivalent to 10% of the estimated cost. In compliance with the said requirement, we had submitted a Bank Certificate for an amount of Rs. 18,00,00,000/- (Rupees Eighteen Crore only). However, due to an inadvertent clerical/typographical error at the time of preparation of the certificate, the amount has been mentioned differently in figures and words. The amount mentioned in figures is Rs. 18,00,00,000/-, whereas the amount in words has unintentionally been typed as "Rupees Eleven Crore". We respectfully say that the discrepancy is purely a clerical error in wording and does not represent any deficiency in our financial capacity or the actual amount certified by the Bank. The purpose of the Bank Certificate is to know the bidder's financial capacity, which is duly demonstrated by the amount of Rs. 18 Crore mentioned in figures. The genuineness of the Bank Certificate and the actual amount certified by the Bank may kindly be re-verified directly from the issuing Bank. In view of the above, we humbly request to the concerned authority to kindly consider the discrepancy as a minor and unintentional clerical error and provide us an opportunity to clarify/rectify the same. We therefore earnestly request to the concerned authority for kindly consider our technical bid and please allow | (अठारह) करोड़ से कम है।<br><br>अतः निविदाकार की आपत्ति को अमान्य किया जा सकता है। | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | our bid to proceed to the next stage of evaluation. We shall be grateful for your kind and favourable consideration. | | |
| 5 | **A M Infratech & Raj construction (JV)**<br><br>Submission of Facts & Compliance: We respectfully submit that both JV members had uploaded valid, complete, and duly certified Existing Commitment certificates issued by competent authorities (Executive Engineers, Superintending Engineers, Deputy CEs, and DGMs, Head of the department, Head of the Projects). The observation made by the Bid Evaluation Committee appears to be an oversight. | निविदाकार A M Infratech & Raj construction (JV) में से निविदाकार Raj construction द्वारा Existing Commitment के तहत उल्लेखित कुल–7 कार्यों में से क्रम सं०–1, 3, 4, 5 एवं 6 पर अंकित कार्यों से संबंधित Engineer-In-Charge द्वारा निर्गत वांछित अभिलेख अपलोड नहीं किया गया है। निविदाकार A M Infratech & Raj construction (JV) से प्राप्त आपत्ति की समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि उक्त JV के Lead Partner A.M Infratech के द्वारा Form Fin-4 में कुल 16 Existing Commitment Upload किया गया है, जिसमें से 02 Existing Commitments, Kalpataru Projects International Limited एवं 01 Existing Commitment Afcons Infrastructure Limited के Authority द्वारा निर्गत है, जबकि उक्त अभिलेख MBD Section-3 Clause 1.2.3., NIT की कंडिका-39 एवं विभागीय पत्रांक–7930(E), दिनांक–26.11.2025 के आलोक में Employer Engineer-in Charge द्वारा सत्यापित/प्रतिहस्ताक्षरित होना आवश्यक है। Kalpataru Projects International Limited एवं Afcons Infrastructure Limited एक Private Company है एवं इनके Employer के स्तर से निर्गत Supporting documents अपलोडेड नहीं है।<br><br>अतः निविदाकार की आपत्ति को अमान्य किया जा सकता है। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6 | **Allone Infra Private Limited**<br><br>The work referred to in the objection has already been completed and there is no ongoing execution liability in respect of the principal scope of work. Further, the maintenance obligations were an integral part of the original contract and were included in the contract price itself. Therefore, there is no separately identifiable outstanding work value which can be considered as an "existing commitment" against the said contract. We request the Evaluation Committee to clarify what is the basis for assigning any outstanding value against the said work when the principal work has already been completed and the maintenance component was included in the original contract value. It is pertinent to submit that the concept of "existing commitments" is intended to capture ongoing contractual obligations/work remaining to be executed, and not a contract where the scope of work has already been completed. It is further submitted that our available bidding capacity, even after considering our existing commitments, is substantially higher than the minimum bidding capacity required under the present tender. Accordingly, the objection in question has no material bearing on our actual capacity or ability to execute the subject work. | निविदाकार से प्राप्त आपत्ति के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा मामले की पुनर्समीक्षा की गई। NHIDCL के पत्रांक–8391 दिनांक–19.03.2026 से स्पष्ट हो रहा है कि निविदाकार द्वारा EPC एकरारनामा के तहत कार्यान्वित की गई योजना Construction of Dimapur Bypass (Assam Portion) of 4/6 lane pavement on EPC basis from existing Km 159.400 of NH-36 to existing Km 102.500 of NH-39 and upto end point of Assam portion (Design Km 118.050 to design km 132.375) (length 14.325 Km) in the state of Assam under Phase-A of SARDP-NE दिनांक–10.11.2025 को पूर्ण हो चुका है। चूँकि EPC Mode में एकरारनामित राशि में कार्य पूर्ण होने के उपरांत Maintenance अवधि में संवेदक को भुगतान की जाने वाली राशि एकरारनामित राशि के अतिरिक्त रहता है जो Existing Commitment के अंतर्गत नहीं आता है।<br><br>अतः निविदाकार की आपत्ति को मान्य किया जा सकता है। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

उपर अंकित प्राप्त परिवादों के अतिरिक्त मुख्य अभियंता (उत्तर), पथ निर्माण विभाग, पटना, बिहार के अंतर्गत पथ प्रमंडल दरभंगा, पैकेज सं०–10A में शामिल निविदाकार Vallabhaneini Construction Pvt. Ltd. द्वारा निविदाकार M/S M.G. Contractors Pvt. Ltd. के विरुद्ध परिवाद दिया गया है, जिसमें अंकित है कि इन्होने माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में दायर Case No.-006192/2025 SLP(C) No.-021301/2024 LIT-1 Pending Litigation में नहीं दर्शाया है। उक्त परिवाद के आलोक में माननीय उच्चतम न्यायालय, नई

दिल्ली के वेवसाईट पर Case No.-006192/2025 SLP(C) No.-021301/2024 की जाँच की गई। जाँचोपरांत पाया गया कि वर्णित वाद, जो कि Arbitration से संबंधित है, की अद्यतन स्थिति Pending है जिसे निविदाकार M/S M.G. Contractors Pvt. Ltd. द्वारा LIT-1 Pending Litigation में नहीं दर्शाया गया है। फलस्वरुप MBD के Section 3 Clause 2.2.1 के आलोक में M/S M.G. Contractors Pvt. Ltd.को निविदा में असफल घोषित किया जा सकता है।

विषयगत निविदा के निविदाकार Shivalaya Construction Ltd. द्वारा परिवाद दिनांक–18.08.2026 को E-mail के माध्यम से समर्पित किया गया है, जो परिवाद प्राप्ति हेतु निर्धारित दो कार्य दिवस की अवधि (दिनांक–17.08.2026) के बाद प्राप्त होने के कारण विचारणीय नहीं है।

विषयगत निविदा में शामिल निविदाकार M/S Topline Infra-Projects Private Limited एवं Allone Infra Private Limited का Existing Commitment दिनांक–13.08.2026 को संपन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के समक्ष संपुष्ट नहीं रहने के कारण Bid Capacity की गणना नहीं की गयी थी। वर्त्तमान में दोनों निविदाकारों का पूर्ण Commitment संपुष्टि के उपरांत Bid Capacity की गणना की गई। निविदाकार M/S Topline Infra-Projects Private Limited की Bid Capacity रु० 1284.99 करोड़ आती है तथा Allone Infra Private Limited की Bid Capacity रु० 2223.84 करोड़ आती है, जो कि वांछित Bid Capacity रु० 177.55 करोड से अधिक है।

7. **परिवाद की समीक्षा एवं तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा :–**

अतः वर्णित तथ्यों के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की दिनांक 13.08.2026 को संपन्न बैठक में लिये गये निर्णय में आंशिक संशोधन करते हुए विषयगत निविदा में M/S Topline Infra-Projects Private Limited एवं Allone Infra Private Limited को निविदा की वाँछित न्यूनतम अहर्त्ता पूर्ण करने के कारण सफल एवं पूर्व में सफल घोषित निविदाकार M/S M.G. Contractors Pvt. Ltd. को निविदा की वाँछित न्यूनतम अहर्त्ता पूर्ण नहीं करने के कारण असफल घोषित किया जा सकता है। इस प्रकार वर्त्तमान में कुल पाँच निविदाकारों यथा (i) S.D.-D.K.S (J.V.) (ii) BBCPL-SKPL (JV) (iii) M/S Kamac Engineers Pvt. Ltd (iv) M/S Topline Infra-Projects Private Limited एवं (v) Allone Infra Private Limited सफल घोषित किया जा सकता है।

8. <u>परिवाद समिति का निर्णय</u> :–

(i) विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार **(1) M/S Topline Infra-Projects Private Limited** का पत्रांक–**TIPPL/649/26** दिनांक–15.08.2026 एवं **(2) Allone Infra Private Limited** का पत्रांक–शून्य दिनांक–17.08.2026 के द्वारा दिए गए परिवाद/आपत्ति को मान्य करने का निर्णय लिया गया।

(ii) विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार **(1) K K Builders Pvt Ltd** का पत्रांक–**215/KKB/2026-27** दिनांक–14.08.2026 **(2) M/S JKA Associates Private Limited** के पत्रांक–**Representation/03** दिनांक–14.08.2026 **(3) M/S Sri Ram Enterprises** के पत्रांक–**SRE/2026-27/84** दिनांक–17.08.2026 एवं **(4) A M Infratech & Raj construction (JV)** के पत्रांक–**AMI-RAJ –(J.V)/HO/07** दिनांक–14.08.2026 के द्वारा दिए गए परिवाद/आपत्ति को अमान्य करने का निर्णय लिया गया।

(iii) विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार **(1) Shivalaya Construction Ltd** का पत्रांक–**SCL-Bids/RCD/Bihar/2026-02** दिनांक–17.08.2026 जो कि दिनांक–18.06.2026 को उपभागीय कार्यालय में ई–मेल के माध्यम से प्राप्त है। प्राप्त परिवाद निर्धारित अवधि (दो कार्य दिवस) समय–सीमा के बाहर है। उक्त निविदाकार से प्राप्त परिवाद को अमान्य करने का निर्णय लिया गया।

(iv) मुख्य अभियंता (उत्तर), पथ निर्माण विभाग, पटना, बिहार के अंतर्गत पथ प्रमंडल दरभंगा, पैकेज सं०–10A में शामिल निविदाकार **Vallabhaneini Construction Pvt. Ltd.** द्वारा निविदाकार **M/S M.G. Contractors Pvt. Ltd.** के विरुद्ध परिवाद दिया गया है, जिसमें अंकित है कि इन्होने माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में दायर **Case No.-006192/2025 SLP(C) No.-021301/2024 LIT-1 Pending Litigation** में नहीं दर्शाया है। उक्त परिवाद के आलोक में माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के वेवसाईट पर **Case No.-006192/2025 SLP(C) No.-021301/2024** की जाँच की गई। जाँचोपरांत पाया गया कि वर्णित वाद, जो कि **Arbitration** से संबंधित है, की अद्यतन स्थिति **Pending** है, जिसे निविदाकार **M/S M.G. Contractors Pvt. Ltd.** द्वारा **LIT-1 Pending Litigation** में नहीं दर्शाया गया है। फलस्वरुप **MBD** के **Section 3 Clause 2.2.1** के आलोक में सफल निविदाकार **M/S M.G. Contractors Pvt. Ltd.** को निविदा में असफल घोषित करने का निर्णय लिया गया।

(v) 11 (ग्यारह) निविदाकार यथा **(1) Shivalaya Construction Ltd** को **MBD** के **Section 1 Clause-17, Section 4E-9, Section 3 Clause 1.2.3** एवं **Form FIN-4** के **(c) (2) M/S Hari Construction And Associates Private Limited** को **MBD** के **Section-3, Clause 1.2.3 (3) K K Builders Pvt Ltd** को **MBD** के **Section-3, Clause 1.2.3 (4) A M Infratech & Raj construction (JV)** को **MBD** के **Section-3, Clause 1.2.3 (5) M/S JKA Associates Pvt. Ltd** को **MBD** के **Section-3, Clause 1.2.3 (6) M/S BVSR Constructions Pvt Ltd MBD** के **Section 1 Clause-17, Section 4E-9, Section-3 Clause 25, Section 4E-13, Clause 2.4.2(b)** एवं **Section 3, Clause 2.6 (7) M/S Sri Ram Enterprises** को **MBD** के **Section-3, Clause 2.3.3 (8) NKS-ACNPL (JV)** को **MBD** के **Section 4E-13, Clause2.4.2 (b) (9) M/S Niranjan Sharma** को **MBD** के **Section 4E-13, Clause2.4.2 (b)** एवं **(10) M/S HES Infra Private Limited** को **MBD** के **Section 3, Clause 2.6 (11) M/S M.G. Contractors Pvt. Ltd. MBD** के **Section 3 Clause 2.2.1** के तहत निविदा में वांछित न्यूनतम अहर्ता पूर्ण नहीं करने के कारण तकनीकी बीड मे असफल घोषित किया जाता है तथा 01 (एक) निविदाकार **Avednex Private Limited** द्वारा **e-proc 2.0** में वांछित कागजातों के विरूद्ध केवल **GST** रजिस्ट्रेशन निविदा के साथ **Upload** किया गया तथा **EMD** के भी कागजात निविदा में नहीं **Upload** किया गया है फलस्वरूप इनके निविदा को अमान्य करने का निर्णय लिया गया।

(vi) 05 (पाँच) निविदाकार यथा (1) **S.D.-D.K.S (J.V.)** (2) **BBCPL-SKPL (JV)** (3) **M/S Kamac Engineers Pvt Ltd** (4) **M/S Topline Infra-Projects Private Limited** एवं (5) **Allone Infra Private Limited** को तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया गया। तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों का वित्तीय बीड खोलने का निदेश मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया गया।

(vii) उपभागीय ज्ञापांक–1354 दिनांक–13.08.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–13.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

(viii) मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

8.1 परिवाद समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

(सुनील कुमार सुमन)
मुख्य अभियंता,
सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(राजेश कुमार गुप्ता)
मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(अभिषेक पलासिया)
संयुक्त सचिव,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः प्र0–7 / निविदा–03–72 / 2026 6034 E पटना, दिनांक – 31/8/2026

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित / आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।